## एक नजर में

### लक्ष्मीवेंकटेश देवस्थान में गुरु पूर्णिमा महोत्सव



**इंदौर.** पावन सिद्धधाम श्री लक्ष्मी वेंकटेश देवस्थान, छत्रीबाग में 28 एवं 29 जुलाई को श्री गुरु दीक्षा महोत्सव एवं श्री गुरु पूर्णिमा महोत्सव आयोजित किया जाएगा. आयोजन में देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है. साथ ही ऑनलाइन माध्यम से भी गुरु चरण पूजन एवं आशीर्वचन प्राप्त करने की व्यवस्था रहेगी. पंकज तोतला ने बताया कि 28 जुलाई को प्रात: 9 बजे परम पूज्य श्रीमद् जगद्गुरु रामानुजाचार्य नागोरिया पीठाधीश्वर स्वामी श्री विष्णुप्रपन्नाचार्य जी महाराज श्रद्धालुओं को गुरु मंत्र दीक्षा प्रदान करेंगे. वहीं 29 जुलाई को प्रात: 8.30 बजे से गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अंतर्गत गुरु चरण पूजन होगा. इस अवसर पर 1008 नामों से काजू, बादाम, इलायची, केसर, मखाने, विभिन्न फलों एवं सुगंधित पुष्पों से विशेष अर्चना की जाएग. ।महोत्सव के दौरान गुरुदेव द्वारा पूर्व आचार्यों के चित्रपट का पूजन, गुरु भजनों की प्रस्तुतियां तथा श्रद्धालुओं द्वारा गुरु चरण पूजन किया जाएगा.

### चातुर्मास आत्मचिंतन व आध्यात्मिक उन्नति का काल



**इंदौर.** गुरु भक्ति और श्रद्धा का प्रतीक गुरु चरण स्पर्श महोत्सव का आयोजन 29 जुलाई को दिवाकर दरबार नरसिंह वाटिका पर किया जाएगा. यह आयोजन श्री वर्द्धमान श्वेतांबर स्थानकवासी जैन श्रावक संघ ट्रस्ट, महावीर भवन इमली बाजार इन्दौर के तत्वावधान में सम्पन्न होगा. महोत्सव में श्रद्धालु संत-सतियों के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे. सामूहिक नवकार मंत्र, गुरु वंदना, प्रवचन एवं गुरु भक्ति का आयोजन किया जाएगा. संघ के अचल चौधरी, डीपीन जैन, रमेश भण्डारी, प्रकाश भटेवरा, जिनेश्वर जैन सहित पदाधिकारियों ने बताया कि गुरु चरण स्पर्श से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा, सद्बुद्धि और संस्कारों की प्राप्ति होती है. यह आयोजन समाज को धर्म, अनुशासन और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देगा. आज के प्रवचन में कुमुदलता महाराज ने कहा कि चातुर्मास आत्मचिंतन, आत्मलेखा जोखा और आध्यात्मिक उन्नति का काल है जिसमे व्यक्ति अपने तप, त्याग, संयम, और साधना के बल पर जीवन को सार्थक कर सकता है. परम गुरु भक्त महावीर, गौतम, विनोद तालेड़ा, परिवार चेन्नई ने आज की प्रभावना का लाभ लिया. श्राविका संघ की पुष्पा डागरिया, रेणु जैन, शशि बोथरा, आजाद नारेलिया सुनीता छजलानी, नम्रता धाकड़, सुशीला पोरवाल, कांता भटेवरा आदि ने समस्त श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि वे सपरिवार पधारकर इस पुण्य अवसर का लाभ लें. धर्मसभा का संचालन प्रकाश भटेवरा ने किया।

### धर्म गंगा के पंडाल का भूमि पूजन



**इंदौर.** आचार्य 108 सन्मति सागर महाराज के शिष्य आचार्य सुनील सागर जी महाराज ससंघ 60 पिच्छी सहित जैन कालोनी चातुर्मास हेतु मंगल प्रवेश हुआ . माला गार्डन में प्रवचन हुआ, आस्था व धार्मिकता की भक्ति में समाजजन इतने अधिक थे कि वह पांडाल की जगह छोटी पड़ गई. गुरुजी ने पूछा आसपास बड़ी जगह है क्या? किसी ने जानकारी दी कि पास में घूंघट गार्डन है जो सिख समाज के बॉबी छाबड़ा का है, तो उन्होंने कहा उनके बात करके प्रतिदिन के सत्संग हेतु पण्डाल वही बनाएं. दिगम्बर जैन समाज सामाजिक संसद के अध्यक्ष विनय बाकलीवाल ने बॉबी छाबड़ा से चर्चा की व गुरुजी द्वारा की गई बात बताइ. सहज, सरल बॉबी भाई ने स्वीकृति प्रदान कर दी. आज प्रात: की बेला में आचार्य संघ के सानिध्य में भूमिपूजन हुआ। इस अवसर पर विधायक रमेश मेंदोला, बॉबी छाबड़ा, सामाजिक संसद के अध्यक्ष विनय बाकलीवाल, जैन कालोनी के अध्यक्ष कैलाश लुहाड़िया, गिरीश पाटोदी, चातुर्मास संयोजक इंदर सेठी, संदीप गंगवाल, सुयश बाकलीवाल, सामाजिक संसद के कैलाश वेद, आदि उपस्थित थे ।धार्मिक क्रियाये पंडित अर्पित जैन वाणी ने सम्पन्न की. उक्त जानकारी दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के प्रचार प्रमुख सतीश जैन ने दी.

### जीवन को आदर्शमय बनाने का संकल्प लें



**इंदौर.** यह जीवन की सच्चाई है कि जो दु:ख आज हमारी जिन्दगी में आ रहे हैं, उनके लिए हम खुद ही जिम्मेदार हैं। ये सभी दु:ख हमारे द्वारा किए गए कर्म अथवा अपराध की सजा है. बिना अपराध किए दु:ख आ ही नहीं सकता. स्वयं को कभी अपराधी मत मानना. कभी यह भी मत मानना कि मैं जीवनभर जेल में ही रहूँगा. जैसे जेल से फरार व्यक्ति के लिए बहुत सख्त सजा होती है वैसे ही जीवन में अपने कर्तव्यों से फरारी करेंगे तो वहां भी सख्त सजा ही मिलेगी और भाग भी नहीं सकोगे. संकल्प लें कि मैं एक ऐसा जीवन जियूंगा कि आदर्श बन सकूंय. ये विचार हैं राष्ट्र संत मुनि पुंगव सुधासागर महाराज के, जो उन्होंने सोमवार को सकल दिगम्बर जैन धर्म प्रभावना समिति के तत्वावधान में वीआईपी रोड किला मैदान स्थित दलाल बाग के विशाल सत्संग सभा मंडप में आयोजित चातुर्मास की पहली धर्मसभा में उपस्थित समाज बंधुओं को संबोधित करते हुए अपने आशीर्वचन में व्यक्त किए. प्रारम्भ में धर्म प्रभावना समिति की ओर से मनीष गोधा, हर्ष जैन, नवीन गोधा, अशोक डोसी एवं आकाश कोयला ने बताया कि राष्ट्र संत के श्रीचरणों में श्रीफल समर्पित किया.

### अखंड धाम पर तीन दिवसीय गुरूपूर्णिमा महोत्सव प्रारम्भ



**इंदौर.** बिजासन रोड स्थित प्राचीन श्री अविनाशी आश्रम अखंड धाम पर तीन दिवसीय गुरू पूर्णिमा महोत्सव का शुभारंभ सोमवार को सुबह 9 बजे अखंड रामायण पाठ के साथ हुआ. आश्रम परिवार के हरि अग्रवाल, संत राजानंद एवं सचिन सांखला ने बताया कि महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी चेतन स्वरूप के सानिध्य में अखंड रामायण पाठ का विराम मंगलवार 28 जुलाई को सुबह होगा. इसके पश्चात सम्पूर्ण गीता पाठ और आश्रम में विराजित संत विद्वानों द्वारा भजन संकीर्तन एवं प्रवचन के कार्यक्रम होंगे. मुख्य उत्सव बुधवार 29 जुलाई को सुबह 8 बजे से गुरू पूजन एवं गुरू गीता पाठ के साथ प्रारम्भ होगा. सुबह 9 बजे से सदगुरूदेव भगवान की पूजा का क्रम प्रारंभ होगा तथा दोपहर 12 बजे महाआरती एवं महाप्रसादी के साथ महोत्सव का समापन होगा.

### अर्पित हाड़ा का असामयिक निधन



**इन्दौर.** दैनिक भास्कर (गवर्नमेंट विभाग) के पूर्व मुख्य प्रबंधक तथा हिंदुस्तान मेल, इंदौर के वर्तमान महाप्रबंधक अमर सिंह हाड़ा के सुपुत्र अर्पित हाड़ा का 27 जुलाई को दुखद निधन हो गया. वे गौरव हाड़ा के छोटे भाई, मनोहर सिंह हाड़ा के भतीजे, जितेंद्र सिंह हाड़ा व शंकर हाड़ा के भाई तथा आर्यवीर सिंह हाड़ा के पिता थे. उनके असामयिक निधन से परिवार एवं परिचितों में गहरा शोक व्याप्त है. स्व अर्पित हाड़ा की अंतिम यात्रा 28 जुलाई को प्रात: 9 बजे उनके निज निवास 102, पावन धाम कॉलोनी, निपानिया (होटल जॉर्डन के पीछे), इंदौर से निकलकर सायाजी मुक्तिधाम जाएगी.

## नगर में आज

**नृत्य व गीत संगीत कार्यक्रम**

**समय-** **शाम** 4 बजे, **स्थान-** बाल भवन पलासिया चौराहा

# ड्रग मामलों की जांच में अब थानों को मिलेगी वैज्ञानिक मदद

## शहर के सभी थानों को मिली नारकोटिक्स ड्रग डिटेक्शन किट

नव भारत न्यूज

**इंदौर. मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री से जुड़े मामलों की जांच अब पहले से ज्यादा पुख्ता तरीके से हो सकेगी. पुलिस ने शहर के सभी थानों को नारकोटिक्स ड्रग डिटेक्शन किट उपलब्ध कराई है. इस किट की मदद से पुलिस जब्त किए संदिग्ध पदार्थों की मौके पर ही प्रारंभिक जांच कर सकेगी.**



पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर शुरू की गई व्यवस्था के तहत सभी जोन में विवेचकों को किट के इस्तेमाल का प्रशिक्षण दिया. फॉरेंसिक और वैज्ञानिक अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों को बताया कि किट के जरिए संदिग्ध मादक पदार्थों की जांच किस तरह की जाएगी और जांच के दौरान किन सावधानियों का ध्यान रखना होगा. अब थानों के विवेचक जब्ती के समय ही पदार्थ की प्रारंभिक जांच कर सकेंगे. इससे एनडीपीएस के मामलों में जांच प्रक्रिया में तेजी आने की उम्मीद है.

**पुलिस को मौके पर ही प्रारंभिक पुष्टि करने में मिलेगी मदद**

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध/मुख्यालय) आरकेसिंह के अनुसार, एनडीपीएस के मामलों में कई बार जब्त पदार्थ की पहचान और जांच के लिए आगे की प्रक्रिया में समय लगता था, लेकिन अब नई किट मिलने से पुलिस को मौके पर ही पदार्थ की प्रारंभिक पुष्टि करने में मदद मिलेगी, साथ ही वैज्ञानिक साक्ष्यों को बेहतर तरीके से जुटाया जा सकेगा. इससे जांच की दिशा तय करने में आसानी होगी. इंदौर पुलिस कमिश्नरेट प्रदेश का पहला जिला है, जहां सभी थानों को नारकोटिक्स ड्रग डिटेक्शन किट उपलब्ध कराई गई है.

# उपभोक्ता सुविधा और कर्मचारियों के हित में बन रहे नए बिजली कार्यालय

नवभारत न्यूज़

**इंदौर. मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, इंदौर द्वारा उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने और कर्मचारियों के लिए बेहतर कार्य वातावरण विकसित करने के उद्देश्य से नए जोन कार्यालय, वितरण केंद्र और अन्य कार्यालय भवनों का निर्माण कराया जा रहा है. सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप किए जा रहे हैं.**

इंदौर शहर के विजय नगर क्षेत्र में नए बिजली जोन कार्यालय भवन का निर्माण लगभग 45 लाख रुपए की लागत से किया जा रहा है. निर्माण कार्य अंतिम चरण में पहुंच चुका है और जल्द ही भवन का उपयोग शुरू होने की संभावना है. इसी प्रकार पोलोग्राउंड स्थित भंडार परिसर में कार्यपालन यंत्री भंडार कार्यालय भवन का निर्माण भी प्रगति पर है. वहीं, कंपनी के कार्यक्षेत्र के अन्य जिलों में भी नए वितरण केंद्र कार्यालय तैयार किए जा रहे हैं.

आलीराजपुर जिले के ग्रामीण वितरण केंद्र के अलावा निमाड़ क्षेत्र के मैनगांव और ऊन तथा धार जिले की कुक्षी तहसील के सुसारी में भी बिजली वितरण केंद्र कार्यालयों का निर्माण कार्य तेजी से जारी है. कंपनी का उद्देश्य आधुनिक सुविधाओं से युक्त कार्यालयों के माध्यम से उपभोक्ता सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाना तथा कर्मचारियों को बेहतर कार्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है.

# हाईकोर्ट परिसर की पार्किंग और सफाई व्यवस्था सुधारने के निर्देश

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** हाईकोर्ट परिसर में पार्किंग की समस्या और सफाई व्यवस्था को लेकर अब जल्द सुधार की कवायद शुरू हो गई है. प्रशासनिक न्यायमूर्ति ने न्यायालय परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की स्थिति देखी और संबंधित अधिकारियों को लंबित समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए.

हाईकोर्ट अधिवक्ता संघ इंदौर के अध्यक्ष मनीष यादव के आग्रह पर प्रशासनिक न्यायमूर्ति सुबोध अभयंकर ने पूरे परिसर का निरीक्षण किया. इस दौरान पार्किंग व्यवस्था, साफ-सफाई सहित अन्य सुविधाओं का जायजा लिया. निरीक्षण के दौरान न्यायमूर्ति अभयंकर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परिसर में आने वाले



अधिवक्ताओं, पक्षकारों और अन्य लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जाए. इस दौरान हाईकोर्ट के प्रिंसिपल रजिस्ट्रार अनूप कुमार त्रिपाठी, ओएसडी नीरज मालवीय सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे. अधिकारियों को पार्किंग समस्या के समाधान और परिसर में नियमित सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा गया.

# 68 सरकारी कॉलेजों में शुरू होंगे नि:शुल्क एआई सर्टिफिकेट कोर्स

## आईआईटी दिल्ली के सहयोग से 2 हजार विद्यार्थियों को मिलेगा नि:शुल्क तकनीकी प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज़

**इंदौर. मध्यप्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से उच्च शिक्षा विभाग आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और फिनटेक विथ एआई के ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करेगा. इन पाठ्यक्रमों का संचालन आईआईटी दिल्ली के सहयोग से किया जाएगा और विद्यार्थियों के लिए यह पूरी तरह निःशुल्क रहेगा.**

उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार प्रदेश के विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने और उन्हें रोजगार के लिए तैयार करने के उद्देश्य से यह पहल की गई है. पहले चरण में प्रदेश के 55 प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस और 13 स्वशासी महाविद्यालयों सहित कुल 68 शासकीय महाविद्यालयों में इन पाठ्यक्रमों का संचालन होगा.

**2 हजार विद्यार्थियों को मिलेगा प्रशिक्षण**-उच्च शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 में 2 हजार विद्यार्थियों को एआई एवं फिनटेक विथ एआई के ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स के माध्यम से प्रशिक्षित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है. उल्लेखनीय है कि पहले यह लक्ष्य एक हजार विद्यार्थियों का था, जिसे इस वर्ष बढ़ाकर दोगुना कर दिया गया है.

**आधुनिक तकनीकों का मिलेगा व्यावहारिक ज्ञान**

सर्टिफिकेट कोर्स के माध्यम से विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, डेटा एनालिटिक्स, डिजिटल बैंकिंग, ऑनलाइन भुगतान प्रणाली, साइबर सुरक्षा, वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) तथा एआई आधारित आधुनिक वित्तीय समाधानों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा. इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्योगों की वर्तमान जरूरतों के अनुरूप दक्ष बनाना और डिजिटल युग में नवाचार के लिए तैयार करना है.

**रोजगार के बढ़ेंगे अवसर**


विभाग के अनुसार इस प्रशिक्षण से विद्यार्थियों के लिए बैंकिंग, फिनटेक कंपनियों, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), स्टार्ट-अप और डिजिटल वित्तीय सेवाओं जैसे क्षेत्रों में रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे. साथ ही वे आधुनिक तकनीकों का प्रभावी उपयोग कर अपने करियर को नई दिशा दे सकेंगे.

# दिल्ली-मुंबई रेल मार्ग का नागदा-गोधरा खंड 'कवच' प्रणाली से लैस

नवभारत न्यूज़

**इंदौर. भारतीय रेल ने यात्री सुरक्षा को और मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है. पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल का दिल्ली-मुंबई उच्च घनत्व रेल मार्ग स्थित नागदाङ्कगोधरा रेलखंड अब पूरी तरह स्वदेशी ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन (एटीपी) प्रणाली 'कवच' से सुसज्जित हो गया है.**

20 जुलाई 2026 को पंचपिपलियाङ्कमंगल महुडी रेलखंड के लगभग 78 रूट किलोमीटर पर प्रणाली की सफल कमीशनिंग के साथ ही इस पूरे 302 रूट किलोमीटर लंबे खंड पर 'कवच' प्रणाली प्रभावी रूप से कार्यशील हो गई है. रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार द्वारा जारी जानकारी के




अनुसार, इससे पहले 30 मार्च 2026 को नागदाङ्कगोधरा रेलखंड के प्रथम चरण में 224 रूट किलोमीटर पर 'कवच' प्रणाली लागू की गई थी. शेष 78 रूट किलोमीटर पर सफल क्रियान्वयन के बाद अब दिल्लीङ्कमुंबई रेल मार्ग पर रतलाम मंडल का संपूर्ण नागदा-गोधरा खंड इस अत्याधुनिक सुरक्षा तकनीक के दायरे में आ गया है. रेल अधिकारियों के अनुसार 'कवच' प्रणाली के पूर्ण क्रियान्वयन से ट्रेनों का संचालन पहले की तुलना में अधिक सुरक्षित, आधुनिक और तकनीक आधारित होगा. यह प्रणाली ट्रेन टक्कर जैसी दुर्घटनाओं की संभावना को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और भारतीय रेल के 'शून्य दुर्घटना' लक्ष्य की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है. साथ ही यह पश्चिम रेलवे द्वारा आधुनिक सुरक्षा तकनीकों के प्रभावी उपयोग का भी उत्कृष्ट उदाहरण है.

**सफलता टीम वर्क का परिणाम**

इस उपलब्धि पर मंडल रेल प्रबंधक अश्वनी कुमार ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि देश के सबसे व्यस्त और उच्च घनत्व वाले रेल मार्गों में शामिल दिल्ली-मुंबई कॉरिडोर पर 'कवच' प्रणाली का पूर्ण कार्यान्वयन रतलाम मंडल के लिए गौरव का विषय है. उन्होंने कहा कि यह सफलता विभिन्न विभागों के बेहतर समन्वय, तकनीकी दक्षता और टीमवर्क का परिणाम है. उन्होंने विश्वास जताया कि रतलाम मंडल भविष्य में भी आधुनिक तकनीकों के माध्यम से सुरक्षित, विश्वसनीय और दक्ष रेल संचालन सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा.

# वकील के सूने मकान को चोरों ने बनाया निशाना

- 8 लाख के जेवर और जमीन के दस्तावेज ले गए
- बदमाशों ने वारदात के दौरान घर में तोड़फोड़ भी की

नव भारत न्यूज

**इंदौर. लसूड़िया थाना क्षेत्र में चोरों ने एक वकील के सूने मकान में धावा बोलकर लाखों रुपए के जेवर, नकदी और जमीन से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज चोरी कर लिए. बदमाशों ने वारदात के दौरान घर में जमकर तोड़फोड़ भी की. पुलिस को घटनास्थल से मिले सुराग और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आशंका है कि वारदात में बांक टांडा गिरोह के बदमाशों का हाथ हो सकता है.**

लसूड़िया थाना प्रभारी राजकुमार यादव के अनुसार, सिल्वर पार्क, बाल्याखेड़ा निवासी अधिवक्ता सौरभ पाटोदिया की शिकायत पर लसूड़िया पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. सौरभ ने पुलिस को बताया कि वह परिवार के साथ 23 जुलाई की शाम एक उद्यापन कार्यक्रम में शामिल होने गए थे. कार्यक्रम से लौटते समय शिप्रा क्षेत्र में उनकी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसके कारण उन्हें देवास में रुकना पड़ा. 26 जुलाई को जब वह घर पहुंचे तो मुख्य दरवाजे के ताले टूटे मिले. अंदर पहुंचने पर पूरा सामान बिखरा पड़ा था और घर में तोड़फोड़ के निशान मिले. थाना प्रभारी का कहना है कि चोरी की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर लिया है. घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, संदिग्धों की पहचान कर जल्द कार्रवाई की जाएगी

# विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता व कर्तव्य की शपथ दिलवाई

**इंदौर. मां कनकेश्वरी देवी शासकीय महाविद्यालय इंदौर में कारगिल विजय दिवस का आयोजन किया गया. यह आयोजन महाविद्यालय के स्वामी विवेकानंद मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के माध्यम से किया गया.**

कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि उमाकांत चौधरी ग्रामीण, डीएसपी ने विद्यार्थियों एवं स्टाफ को राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं संवैधानिक कर्तव्य के प्रति संकल्प की शपथ दिलवाई. कार्यक्रम की अगली कड़ी में विद्यार्थियों को कारगिल विजय गाथा को बताती हुई डॉक्यूमेंट्री दिखाई, जिससे विद्यार्थी राष्ट्रभक्ति के प्रति प्रेरित हुए. कारगिल विजय दिवस पर महाविद्यालय में विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया, विधायक रमेश मेंदोला ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं



स्टाफ को दिए गए संदेश में बताया कि कारगिल विजय दिवस हमें भारतीय सेना के अदम्य साहस, शौर्य, पराक्रम एवं देश के प्रति कर्तव्य निष्ठा की याद दिलाता है.

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य मेजर डॉ संजय सोहनी ने विद्यार्थियों को कारगिल युद्ध का सामरिक महत्व बताया. इसके उपरांत कारगिल युद्ध के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए 2 मिनट का मौन रखा गया. कारगिल विजय दिवस पर महाविद्यालय में एक ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर विशेष अतिथि जनप्रतिनिधि चंदू राव शिंदे, सेवानिवृत डीएसपी ऐश्वर्य शास्त्री, महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे ।कार्यक्रम का संचालन डॉ निशांत मिश्रा द्वारा किया गया.

# पुलिस को देख बाइक से भाग रहे युवक से 502 ग्राम चरस बरामद

**इंदौर.** पुलिस ने रालामंडल क्षेत्र से एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है. आरोपी के कब्जे से 502 ग्राम अवैध मादक पदार्थ चरस बरामद की गई है. पुलिस ने तस्करी में उपयोग बाइक भी जब्त कर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है.



सोमवार को तेजाजीनगर थाना क्षेत्र में आउटर कॉलोनी, बायपास और आसपास के इलाकों में संदिग्धों की चेकिंग की जा रही थी. इसी दौरान रालामंडल कट के आगे हनुमान कांकड़ वन मंडल गेट के सामने सर्विस रोड पर एक युवक बाइक लेकर खड़ा दिखाई दिया. पुलिस वाहन को अपनी ओर आता देख युवक बाइक घुमाकर भागने का प्रयास करने लगा. संदेह होने पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया. पूछताछ में आरोपी की पहचान नफीस उर्फ बच्चवा पिता हाजी गुलाम जकरिया शेख उम्र 32 साल, निवासी 19/1 इस्लामपुरा, देवास के रूप में हुई. तलाशी के दौरान आरोपी के कंधे पर टंगे पिट्ठू बैग से 502 ग्राम चरस बरामद हुई. पुलिस ने आरोपी के पास से काले रंग की हीरो पैशन प्लस बाइक भी जब्त की है. आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया है.

**आरोपी पर देवास और इंदौर जिले के थानों में दर्ज हैं अपराध**

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी का देवास और इंदौर जिले के थानों में आपराधिक रिकॉर्ड दर्ज है. उसके खिलाफ मारपीट, जुआ एक्ट और एनडीपीएस एक्ट के मामले पहले से दर्ज हैं. पुलिस अब आरोपी से चरस की सप्लाई के स्रोत और उससे जुड़े अन्य लोगों के बारे में पूछताछ कर रही है. पूछताछ में उसने बताया था कि वह नशे की तलब पूरी करने के लिए देवास से चरस और गांजा लेकर आता है. इसी सूचना के आधार पर पुलिस ने निगरानी बढ़ाई और रालामंडल क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए नफीस को पकड़ लिया.

**एक नजर में** — साइलेंसर जब्त कर काटे जा रहे चालान

# कानफोड़ू साइलेंसर पर ट्रैफिक पुलिस ने चलाया अभियान

नवभारत न्यूज

**इंदौर. शहर में बढ़ते ध्वनि प्रदूषण पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से इंदौर ट्रैफिक पुलिस ने मॉडिफाइड (कानफोड़ू) साइलेंसर लगाने वाले वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान शुरू किया है. अभियान के तहत अत्यधिक आवाज करने वाले वाहनों को रोककर उनके साइलेंसर जब्त किए जा रहे हैं तथा वाहन चालकों पर एक हजार रुपए तक का चालान भी बनाया जा रहा है.**



ट्रैफिक पुलिस के अनुसार, कई वाहन चालक विशेष रूप से रॉयल एनफील्ड सहित अन्य मोटरसाइकिलों में कंपनी द्वारा लगाए गए मूल साइलेंसर की जगह बाजार से अत्यधिक ध्वनि करने वाले मॉडिफाइड साइलेंसर लगवा लेते हैं. इन साइलेंसरों से निकलने वाली तेज आवाज आम नागरिकों के लिए परेशानी का कारण बनती है और ध्वनि प्रदूषण को भी बढ़ावा देती है. इसी को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस द्वारा शहर के विभिन्न प्रमुख चौराहों और मार्गों पर विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है. जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने वाले वाहनों के मॉडिफाइड साइलेंसर मौके पर ही जब्त किए जा रहे हैं और मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई भी की जा रही है.

**जागरूक करना भी है मकसद**



ट्रैफिक पुलिस के जवान संदीप कुमार (बैच नंबर 141) ने बताया कि यह कार्रवाई पुलिस उपायुक्त राजेश कुमार त्रिपाठी के निर्देशानुसार लगातार की जा रही है. अभियान का उद्देश्य केवल चालान बनाना नहीं, बल्कि लोगों को यातायात नियमों और ध्वनि प्रदूषण के प्रति जागरूक करना भी है.

**कंपनी स्वीकृत साइलेंसर लगवाएं**

पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों में केवल कंपनी द्वारा स्वीकृत साइलेंसर का ही उपयोग करें तथा किसी भी प्रकार के अवैध या अत्यधिक ध्वनि करने वाले मॉडिफाइड साइलेंसर न लगवाएं. नियमों का पालन करने से न केवल कानूनी कार्रवाई से बचा जा सकता है, बल्कि शहर में ध्वनि प्रदूषण कम करने में भी सभी नागरिक अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं.